>

Title : Need to expedite the construction of rail and road overbridges on Koshi Mahasetu in Mithlanchal, Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मिथिलावासियों की एक चिरपरिचित समस्या की ओर आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल में कोसी नदी पर रेल महासेतु एवं पथपुल के निर्माण में विलंब हो रहा है। वर्ष 2009-10 में ही इस पुल का निर्माण होना था, लेकिन वह अभी तक नहीं हुआ है। सरकार के सौतेले व्यवहार के कारण तथा विभाग की निरंकुशता के कारण लगता है कि अगले पांच वर्षों में भी यह पुल बनकर तैयार नहीं होगा। इस पुल के निर्माण होने से लाखों की आवाजाही इस पुल से होगी, साथ ही फोरलेन रोड जो इस क्षेत्र की धड़कन होगी, इस पुल के बनने से जुड़ जाएगी तथा पूर्वांचल और पश्चिम को जोड़ेगी। ईस्ट-वेस्ट कारीडोर जो बन रहा है, वह भी इससे जुड़ जाएगा। मेरे संसदीय क्षेत्र को कोसी नदी दो भागों में विभक्त कर देती है जिसके चलते हम लोगों को नेपाल से घूमकर आना पड़ता है, अगर हम वहां अपना गार्ड लेना चाहते हैं तो वह नहीं ले जा पाते हैं। इस पुल के बन जाने से हम लोगों की समस्या दूर हो जाएगी। इसके साथ ही यह पुल सामरिक महत्व का भी होगा क्योंकि वहां से नेपाल और चीन का रास्ता जाता है। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि जनहित की इस मूलभूत समस्या को ध्यान में रखते हुए इस पुल को यथाशीघ्र बनाने के लिए धन मुहैया कराएं।